प्रादेशिक समाचार
27.10.2025 (दोपहर–1455 बजे)

सर्वोच्च न्यायालय ने आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों पर उनके द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी का विवरण मांगा है। न्यायालय ने देश में बढ़ते डिजिटल गिरफ्तारी की घटनाओं को देखते हुए सभी मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंपने पर भी विचार किया है। न्यायालय ने सीबीआई से पूछा कि क्या उसके पास देश में ऐसे मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। सर्वोच्च न्यायालय देश भर में डिजिटल गिरफ्तारी के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए 17 अक्टूबर को शुरू किए एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक ज़िला, एक उत्पाद के दृष्टिकोण से जुड़ी पहल किसानों को सशक्त बना रही हैं। इससे स्थानीय रोज़गार सृजित हो रहा है और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन का एक लेख साझा करते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह लेख इस बात पर प्रकाश डालता है कि घरेलू खाद्य प्रसंस्करण क्षमता को मज़बूत करना राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकता है।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश के रक्षा विनिर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ रही है। श्री सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात अब रिकॉर्ड 23 हजार 500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। नई दिल्ली में एसआईडीएम वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक में देश का घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़कर रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और इसमें निजी क्षेत्र का 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान है।

****

जामताड़ा में छठ महापर्व की तैयारी चरम पर है, पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जिले के सभी छठ घाटों पर साफ–सफाई, ब्लीचिंग, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालु आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे, जबकि कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पर्व का समापन करेंगे।

****

सरायकेला में ओडिया नाट्य दल "गणपति ओपेरा" ने ओडिया भाषा और संस्कृति के संरक्षण में 50 वर्ष पूरे किए हैं। यह टीम लंबे समय से सरायकेला–खरसावां क्षेत्र में नाटक और संगीत के माध्यम से ओडिया संस्कृति के प्रसार में सक्रिय रही है। दल के सदस्य इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी पहुंचे और विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना की।

****

बोकारो जिला प्रशासन इन दिनों केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की जानकारी जुटाने में लगा हुआ है।

****

गढ़वा ज़िले में दानरो नदी छठ घाट पर स्नान के दौरान एक 13 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

****

सरायकेला–खरसावां में आदित्यपुर थाना क्षेत्र में फ्लैट निर्माण करा रहे एक बिल्डर से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। बिल्डर की शिकायत पर आदित्यपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

****

मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राज्य में चार दिनों तक बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। आज रांची सहित कई इलाकों में बादल छाए रहे और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

*********समाप्त**********